न्यूज ब्रीफ

### लाइन में फाल्ट, बिजली संकट से जूझे लोग

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** लाइन में फाल्ट के चलते कस्बे के लोगों को बिजली संकट से जूझना पड़ा। शुक्रवार दोपहर तेज हवा के कारण फरीदपुर से आने वाली 33 केवी लाइन में फाल्ट आ गया। इससे इलाके की आपूर्ति ठप हो गई। लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों ने बताया कि तेज हवा से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। लोगों का कहना है कि जर्जर तारों की वजह से आपूर्ति व्यवस्था गड़बड़ा जाती है। हवा चलते ही लाइन में फाल्ट आ जाते हैं।

### जमीन कुर्क करने की कार्रवाई की

**फतेहगंजपूर्वी , अमृत विचार :** एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस ने शुक्रवार को एक आरोपी की जमीन कुर्क करने की कार्रवाई की। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि रियाज निवासी ग्राम पडेरा हाल निवासी कटरा शाहजहांपुर के खिलाफ बीते दिनों मुजफ्फरनगर में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। रियाज के खिलाफ अदालत से जमीन कुर्क करने की कार्रवाई के आदेश हुए थे। इसपर उन्होंने ग्राम पडेरा पहुंचकर रियाज की करीब एक सौ बीघा जमीन को कुर्क करने की कार्रवाई की।

### बिजली कर्मियों ने पुलिस से की शिकायत

**भुता, अमृत विचार :** 33/11 केवी सब स्टेशन पर कार्यरत संविदा व स्थायी कर्मियों ने थाने में दिए शिकायती पत्र में कुछ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि दो पूर्व संविदा कर्मी अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर आए दिन बिजली घर पहुंचते हैं और कर्मचारियों को धमकाते हैं। शिकायत के अनुसार आरोपी कर्मियों का वीडियो बनाकर उन्हें एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं, जिससे विभाग और कर्मचारियों की छवि खराब हो रही है। कर्मचारियों ने बताया कि 24 मार्च 2026 को दोनों आरोपी बिजली घर पहुंचे और कंप्यूटर ऑपरेटर का वीडियो बनाकर उसे एडिट करने तथा नौकरी से हटवाने की धमकी दी। थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### बार चुनाव :15 अप्रैल को होगा मतदान

**आंवला, अमृत विचार :** आंवला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की घोषणा कर दी गई है। मुख्य चुनाव अधिकारी सुदेश कुमार शर्मा एडवोकेट के अनुसार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी चुनने के लिए 15 अप्रैल को मतदान होगा। बताया कि प्रत्याशी 28 और 30 मार्च को सुबह 11 :00 से दोपहर 3 :00 बजे तक अपने नामांकन पत्र दाखिल कर सकेंगे। 1 अप्रैल को दोपहर 2 :00 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उसी दिन दोपहर 2 :00 बजे से 3 :30 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। चुनावी मैदान में डटे उम्मीदवारों की अंतिम सूची का प्रकाशन 1 अप्रैल को ही शाम 4 :30 बजे किया जाएगा। मतदान 15 अप्रैल को सुबह 10 से शाम 4 :00 बजे तक चलेगा।

# घरों में पूजन कर कन्या जिमाईं, श्रीराम जन्मोत्सव मनाया

## मंदिरों में श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना, गूंजते रहे माता रानी के जयकारे

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** चैत्र नवरात्र की नवमी पर जिले भर में श्रद्धा और भक्ति का संगम देखने को मिला। मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना की और घरों में कन्याएं जिमाईं। साथ ही श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया। मंदिरों में प्रभु श्रीराम और माता रानी के जयकारे गूंजते रहे।

**नवाबगंज :** नवरात्र के आखिरी दिन घरों और मंदिरों में माता रानी का पूजन किया गया। घरों में कन्याओं को पूड़ी, चने और हलवे का प्रसाद खिलाया गया। कन्याओं को उपहार देकर उनसे आशीर्वाद लिया। काली मंदिर, दुर्गा मंदिर में विशेष रौनक देखने को मिली। भक्तों की भीड़ रही।

**रिठौरा :** होली चौराहा मंदिर, प्राचीन शिव मंदिर, झलरापीपल मंदिर में श्री राम का जन्मोत्सव मनाया गया। जगह-जगह रामायण पाठ का आयोजन किया गया। वहीं, मां सिद्धिदात्री की पूजा कर हवन-पूजन किए गए। मुंडिया अहमदनगर में पूजा मिश्रा ने कन्याओं को खीर-पूड़ी खिलाकर उन्हें स्कूल किट देकर बेटियों को शिक्षा दिलाने का संदेश दिया।



नवाबगंज में कन्याओं को सामूहिक भोज कराया गया। ● अमृत विचार

### मंदिरों पर हुए भंडारों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

**मीरगंज :** नवमी पर श्रद्धालुओं ने मंदिरों में पूजा-अर्चना की। सिरौली चौराहा स्थित दुर्गा मंदिर और गायत्री मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में भंडारों का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति और ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयासों से यह कार्यक्रम हुआ। मीतू राघव ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजन आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करते हैं। बताया कि गायत्री मंदिर में इस बार भी भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में बृजराज सिंह राघव और गायत्री परिवार का विशेष योगदान रहा। मंदिर के पुजारी, सुनीता सिंह, भानु प्रताप यादव आदि मौजूद रहे।



**फतेहगंज पूर्वी :** कस्बे में रामनवमी पर लोगों ने भगवान राम की पूजा अर्चना की और घरों में हवन पूजन कर कन्याओं को भोज कराया। गांव गढ़िया लाई खेड़ा में मेले का आयोजन हुआ। जिसमें लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। वहां मौजूद प्राचीन मंदिरों पर प्रसाद चढ़ाया । इसके अलावा जगह जगह कन्या सहयोज कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कामराज मिश्रा, अजय गुप्ता, अरुण मिश्रा, पवन राज मिश्रा, अंश मिश्रा, हनू मिश्रा, रामसेवक शर्मा, प्रशांत मिश्रा, उत्तम शंखधार आदि मौजूद रहे।

### कोतवाली में कन्याओं को भोजन कराया



**देवरनियां :** नवमी पर कोतवाली में शुक्रवार को कन्या पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। कोतवाली प्रभारी उप निरीक्षक आशुतोष द्विवेदी ने पहले पूजन किया और फिर कन्याओं को भोजन कराया। एसएसआई नवदीप सिंह, सभी दरोगा और पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** कस्बा के भिटौरा मंदिर में श्रीमद भागवत कथा के समापन पर भंडारा हुआ। कथा व्यास अवध किशोर त्रिपाठी ने गुरुवार शाम सुदामा चरित का वर्णन किया। शुक्रवार सुबह यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। राजीव मिश्रा, संजय चौहान, ओमेंद्र सिंह चौहान,धीरज पांडेय, रंजीत सिंह आदि मौजू रहे।

### श्रीराम कथा को दिया विश्राम, यज्ञ में दीं आहुतियां

**शेरगढ़, अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम नगरिया कलां स्थित शिव मंदिर पर आयोजित 9 दिवसीय श्रीराम कथा को यज्ञ के साथ विश्राम दिया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां देकर मानव कल्याण की कामना की। शुक्रवार को कथा के नौवें दिन कथावाचक पंडित विशेष पाठक ने राजतिलक की कथा का प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुओं ने बाबा गंगादास जी महाराज की परिक्रमा कर सुख शांति और समृद्धि की कामना की। इस दौरान जय श्री राम के जयकारे गूंजते रहे। यज्ञ होने के बाद प्रसाद वितरण किया गया, जिसकी शुरुआत पंडित जगदीश चंद्र पाठक ने की। चौधरी जसवंत सिंह, भूपराम श्रीवास्तव, भुवन चंद्र राठौर, कल्याण राय श्रीवास्तव, यशपाल गंगवार, चौधरी संजय सिंह, भानु प्रताप श्रीवास्तव, हरीश कुमार गंगवार, रमेश चंद राठौर, उर्मिला देवी, सुशीला देवी, क्रांति श्रीवास्तव, धनदेवी,जसोदा देवी, संतोष कुमारी, गंगोत्री,सर्वेश कुमारी, डॉ रीमेंद्र कुमार, शिशुपाल गंगवार, सत्यपाल गंगवार, बलवंत गंगवार, प्रदीप सिंह, नरायन दास आदि आदि मौजूद रहे।



# रामनवमी पर शिवपुरी में निकली भव्य शोभायात्रा, दिखा उत्साह

संवाददाता, सिरौली

**अमृत विचार :** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर शुक्रवार को ग्राम शिवपुरी में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शोभायात्रा का शुभारंभ ग्राम के हरिबाबा मंदिर से पूजन अर्चन कर किया गया। यहां से शुरू होकर यात्रा गांव के विभिन्न मुख्य मार्गों और गलियों से होकर गुजरी। समापन पुनः हरिबाबा मंदिर पर पहुंचकरआरती के साथ हुआ। देव स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। डीजे की धुनों और भक्ति गीतों पर कलाकारों ने नृत्य किया। पूजन डॉ. केपी सिंह चौहान, बुद्धपाल सिंह चौहान और सीताराम शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। प्रधान पुत्र आनंद मौर्या, बजरंग दल से अनिल सिंह राठौर, हिंदू रक्षा दल के आशिष कठेरिया, सुधीश शर्मा, सचिन सिंह चौहान, मधुर भदौरिया, सार्थक गुप्ता, सुलभ चौहान, जीतू श्रीवास्तव आदि का सहयोग रहा।

**अलीगंज :** अलीगंज स्थित ग्राम देवता मंदिर में हवन पूजन एवं कन्या भोज कराया गया। आचार्य अंकित शर्मा,मोहित अग्रवाल, हिमांशु पाराशरी, फूलसिंह मौर्य, मुलायम सिंह, नेमचंद्र, भूरे आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में झांकी रही आकर्षण का केंद्र। ● अमृत विचार

### नवाबगंज में शोभायात्रा पर बरसे फूले

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे में भव्य रामनवमी शोभायात्रा का आयोजन किया गया। रामलीला सोसायटी की ओर से निकाली गई शोभायात्रा का जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। शोभायात्रा की शुरुआत कस्बे के डाकखाने के पास से हुई। शोभायात्रा में मां दुर्गा, भगवान शिव, गणेश और हनुमान की मनमोहक झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा मुख्य मार्ग, खारजा मार्ग और बाईपास होते हुए रामलीला मैदान में पहुंचकर संपन्न हुई। विधायक डा. एमपी आर्य, अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार, भाजपा की जिला मंत्री मीनाक्षी गंगवार, पालिकाध्यक्ष पति नीरेन्द्र सिंह राठौर, रामलीला सोसायटी के अध्यक्ष रविंद्र पाल सिंह, उपेंद्र पाल सिंह, राजकुमार गुप्ता, प्रियाशकर, केशव गुप्ता, दिलीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।



### हरि मंदिर से निकाली शोभा यात्रा, जगह-जगह स्वागत

**कैंट, अमृत विचार :** श्रीराम के जन्मोत्सव पर श्री हरि मंदिर से रामनवमी शोभायात्रा का शुभारंभ अर्बन कोऑपरेटिव बैंक की अध्यक्ष श्रुति गंगवार और कैंट बोर्ड की सीईओ तनु जैन ने किया। शोभायात्रा में शामिल लोकतंत्र रक्षक सेनानी वीरेंद्र कुमार अटल, श्रीधर शुक्ला आदि का अभिनंदन किया गया। सदर बाजार के शंकर चौराहे पर काजल किन्नर ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। प्रभु श्री राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के स्वरूप रथ पर विराजमान थे। गणेश-लक्ष्मी, मां भगवती के साथ कई देवी देवताओं की झांकियां शोभायात्रा में शामिल हुईं। राकेश कठेरिया, किशन मेहता, ललित अवस्थी, संजय वर्मा, राजकुमार शर्मा, संजीव कुमार, सत्यधीर उपाध्याय, पुष्पा, कुमकुम शर्मा, आभा सक्सेना सहित बड़ी संख्या में राम भक्त शामिल रहे।



### शोभायात्रा में देव स्वरूपों की झांकियों ने मनमोहा

**फरीदपुर अमृत विचार :** कस्बे में रामनवमी शोभा यात्रा विभिन्न मार्गों से निकली गई। देव स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभा यात्रा का उद्घाटन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अलंकार अग्निहोत्री पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट बरेली ने किया।मेला अध्यक्ष रमेश चंद्र शुक्ला, संरक्षक राजेश चंद्र मिश्रा, अनूप कुमार गुप्ता महामंत्री, गोपाल मिश्रा व्यवस्थापक, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार सक्सेना, प्रमोद बलधारी आदि के नेतृत्व में शोभायात्रा का आयोजन हुआ। जगह-जगह लोगों ने शुभायात्रा का स्वागत किया। पूर्व पालिका अध्यक्ष पूनम गुप्ता, पूर्व पालिका अध्यक्ष हरिओम गुप्ता, भाजपा नेता ब्रह्मा शंकर गुप्ता की आवास पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। भाजपा नेता जवाहरलाल आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल हुए अलंकार अग्निहोत्री। ● अमृत विचार

### अवैध खनन : चार ट्रैक्टर-ट्रालियां और मशीन जब्त

**नवाबगंज/हाफिजगंज, अमृत विचार:** क्षेत्र में अवैध खनन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। शुक्रवार शाम एसडीएम उदित पवार के निर्देश पर राजस्व टीम ने मुडिया भीकमपुर गांव में छापामारी कर चार ट्रैक्टर ट्रालियां और एक मिट्टी खनन करने वाली मशीन जब्त कर लिया। वाहनों को थाना पुलिस के हवाले कर दिया। टीम के हाथ खनन माफिया नहीं आए।

**● एसडीएम उदित पवार के निर्देश पर राजस्व टीम ने गांव मुडिया भीकमपुर में की छापामारी, खनन माफिया फरार**

एसडीएम को सूचना मिली कि हाफिजगंज क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खनन चल रहा है। उन्होंने राजस्व टीम को मौके पर भेजा। टीम को देख खनन माफिया फरार हो गए। राजस्व टीम ने अवैध खनन में लगी चार ट्रैक्टर- ट्रालियों और मशीन को कब्जे में लेकर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया। एसडीएम उदित पवार ने बताया कि मामले की रिपोर्ट खनन विभाग को भेजी जाएगी।

# सम्राट अशोक की जयंती पर निकाली शोभायात्रा


फतेहगंज पश्चिमी

**अमृत विचार :** सम्राट अशोक की जयंती पर गुरुवार देर शाम मोहल्ला भिटौरा में झांकियों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसका शुभारंभ एमएलसी बहोरन लाल मौर्य व मीरगंज क्षेत्रीय विधायक डॉ डीसी वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर किया।

शोभायात्रा भिटौरा से शुरू होकर लोधी नगर चौराहे, मुख्य बाजार से होते हुए शाही रोड तक निकाली गई। इसमें सम्राट अशोक की प्रतिमा और अशोक स्तंभ की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कस्बा वासियों और व्यापारियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान लोग उत्साहित नजर आए। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में मौर्य समाज के लोग शामिल हुए। आयोजकों में सुभाष मौर्य, पंकज मौर्य, कैलाश चंद्र मौर्य, संजय सिंह चौहान, कैलाश शर्मा, डॉ. मुदित प्रताप सिंह, हरीश मौर्य, राजवीर मौर्य, डॉ. महिपाल मौर्य, पूर्व चेयरमैन कृष्ण पाल मौर्य, खेमपाल मौर्य, डॉ. महेंद्र मौर्य, कमलेश मौर्य, दीपक मौर्य, पप्पू मौर्य, नितिन शर्मा, सूरज मौर्य, डॉ. राजेश मौर्य, अशोक मौर्य, शिवम मौर्य, प्रवीण मौर्य, विवेक मौर्य, भूपेंद्र गंगवार, सूबेदार मेजर राम सिंह व पूर्व सैनिक तुलाराम फौजी आदि शामिल रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चौकी प्रभारी अनुप सिंह पुलिस फोर्स के साथ मुस्तैद रहे।



शोभायात्रा में एमएलसी, विधायक भी शामिल हुए। ● अमृत विचार



शोभायात्रा में झांकी। ● अमृत विचार

### भुता में निकली जनचेतना यात्रा, जनप्रतिनिधि हुए शामिल

**भुता, अमृत विचार :** सम्राट अशोक की जयंती पर भुता में जनचेतना यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नेमचंद्र मौर्य ( पूर्व उपाध्यक्ष भाजपा व विशिष्ट अतिथि स्व. विधायक प्रो. श्याम बिहारी लाल के पुत्र ईशान ग्वाल शामिल रहे। नवाबगंज विधायक एमपी आर्य एवं भाजपा नेता छत्रपाल सिंह दिवाकर भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अतिथियों ने सम्राट अशोक के जीवन, उनके आदर्शों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर कस्बे में पेट्रोल पंप से लेकर चमन पार्टी हाउस तक जनचेतना यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रैली के माध्यम से राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। आयोजक एडवोकेट मोरपाल सिंह, मौर्य विकास समिति के सदस्य अर्जुन मौर्य, रामस्वरूप मौर्य, सियाराम मौर्य, लालाराम मौर्य, संतोष मौर्य, कल्याण राय मौर्य, अरविंद मौर्य, पवनीत मौर्य, नरेश मौर्य, धर्मेंद्र मौर्य, मनोज मौर्य, शिवनंदन मौर्य आदि शामिल रहे।



### प्राचीन मां काली मंदिर से निकली पदयात्रा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** प्राचीन मां काली मंदिर से जोत लेकर श्रद्धालुओं ने पद यात्रा करते हुए मां पूर्णागिरी के लिए प्रस्थान किया। कस्बा में प्रथम नवरात्रि पर इस मंदिर में ज्वाला देवी से लाई गई जोत स्थापित की गई थी। नवरात्र के बाद रामनवमी पर जोत लेकर सभी भक्तों ने मां पूर्णागिरी माता रानी के भजनों और जयकारे लगाते हुए पद यात्रा प्रारंभ की। पुजारी कृष्ण पाल, के साथ सोनू ठाकुर, मनोज सैनी, पवन सैनी, उमंग ठाकुर, अनूप गंगवार,अर्पित सैनी सहित सैकड़ों भक्त पद यात्रा में शामिल रहे। इस दौरान माता रानी के जयकारे गूंजते रहे।

### कब्रिस्तान में पेड़ों के काटने का मामला गरमाया

**नवाबगंज, अमृत विचार:** जयनगर गांव के कब्रिस्तान में हरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। खबर छपने के बाद प्रशासन सक्रिय हुआ है, वहीं आरोपी लकड़ी ठेकेदार फरार हो गया। अधिकारियों का कहना है जांच रिपोर्ट मिलते ही दोषियों पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा।

**● कानूनगो ने पूरे प्रकरण की जांच कर तहसीलदार को सौंपी रिपोर्ट, आरोपी ठेकेदार हुआ फरार**

ग्रामीणों के मुताबिक कब्रिस्तान में शीशम, नीम, आम, गूलर और जामुन समेत करीब 34 पेड़ों को बिना नीलामी प्रक्रिया पूरी किए रातों-रात कटवा दिया गया। इस घटना से गांव में आक्रोश है। लोग जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। कानूनगो ने पूरे प्रकरण की जांच तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह को सौंप दी है। उनके निर्देश पर राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की थी, जिसमें पेड़ों की कटाई की पुष्टि हुई थी। तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि सभी पहलुओं की गहन जांच कराई जा रही है। दोषियों के खिलाफ जल्द ही रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। फिलहाल ठेकेदार के फरार होने से मामले में और संदेह गहरा गया है।

## न्यूज डायरी

### मंडल मुख्य कॉर्डिनेटर बनाने पर सलीम का किया स्वागत

**नवाबगंज, अमृत विचार :** कस्बे के सलीम कुरैशी को बसपा के मुस्लिम समाज भाईचारा संगठन का मंडल मुख्य कॉर्डिनेटर बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह है। समर्थकों ने खुशी जाहिर करते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। जिला अध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह, प्रभारी श्याम मूर्ति सिंह, विधानसभा प्रभारी सुम्मेर सिंह गौतम, विधानसभा अध्यक्ष हरीश सागर, बुद्धसेन गौतम, केसर बती गौतम, जाहिद अंसारी, मोहम्मद अशफाक अंसारी, मोहम्मद यूसुफ, बब्बू सिद्दीकी, धर्मपाल बौद्ध, अब्दुल वाहिद, फहीम राजा और फारूख अंसारी आदि मौजूद रहे।





### जितिन से सरदार पटेल की मूर्ति लगवाने की मांग

**बहेड़ी, अमृत विचार :** भाजपा नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद से नारायण नगला चौराहे को सरदार पटेल चौक के रूप में विकसित कर उनकी मूर्ति स्थापित करने की मांग की है। श्री गुप्ता ने शुक्रवार को नई देहली में मंत्री और क्षेत्रीय सांसद जितिन प्रसाद से मुलाकात की और क्षेत्र की कई समस्याओं के संबंध में उनको पत्र दिया। नगर अध्यक्ष ने मंत्री से सिली कॉलोनी में मोबइल नेटवर्क के लिए टावर लगवाने और बहेड़ी के वार्ड 9 और वार्ड 21 में रेलवे की सड़क डलवाने को लेकर पत्र दिया। नगर अध्यक्ष ने बताया कि मंत्री से विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की, जिस पर उन्होंने प्रभावी कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया।

### मिशन शक्ति : पुलिस ने चलाया जागरूक अभियान

**शीशगढ़, अमृत विचार :** थाना पुलिस के मिशन शक्ति विशेष सुरक्षा दल ने शुक्रवार को कस्बे सहित देहात के विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाया। थाना परिसर में मीटिंग कर महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी दी। आपात स्थिति में 1090, 108, 181,102, 1930 डायल कर सहायता प्राप्त करने की जानकारी भी दी गई।



### राइस मिलर्स को दी गई चावल रखने की ट्रेनिंग

**बहेड़ी, अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने बहेड़ी राइस मिल संगठन के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के दर्जनों राइस मिलर्स को चावल के फोर्टिफिकेशन, भंडारण, रखरखाव और पैकेजिंग से जुड़ी अहम जानकारी दी। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि चावल को हमेशा साफ-सुथरे और सुरक्षित स्थान पर ही रखा जाना चाहिए। अध्यक्ष नईम अहमद ने आभार व्यक्त किया। रियाज उल कमर, हाजी अब्दुल खालिक, तहसील प्रिंस, अलीम नेशनल, नदीम साबरी, बाबू डायमंड, रियाजुल हैदरी, मोहम्मद इंतखाब, आरिफ, काशिफ ताज आदि मौजूद रहे।

